कम्प्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्यौगिकी विभाग
(सी.एस.आई.टी.)
गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)
(A Central University established by the Central Universities Act. 2009 No. 25 of 2009)

Department of Computer Science & Information Technology
(CSIT)
Guru Ghasidas Vishwavidyalaya, Bailspur (C.G.)
(A Central University established by the Central Universities Act. 2009 No. 25 of 2009)

क्रमांक : 673 / CSIT **दिनांक :** 23–06–2014

प्रेस विज्ञप्ति

विश्व–विद्यालय शिक्षण विभाग के सी.एस.आई.टी विभाग के अंर्तगत संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु काउन्सलिंग

सी.एस.आई.टी विभाग के अंर्तगत संचालित एम.सी.ए. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतू काउन्सलिंग दिनांक 11–07–2014 को , पंच वर्षीय एकीकृत कम्प्यूटर विज्ञान पाठ्यक्रम की काउन्सलिंग दिनांक 15–07–2014 को एवं एम.एस.सी. कम्प्यूटर विज्ञान पाठ्यक्रम की काउन्सलिंग 16–07–2014 को वि.वि. रजत जयंती सभागार में आयोजित की गई है । संबंधित पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतू इच्छुक उम्मीद्वार जिन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा (वेट–2014) दी है एवं विश्वविद्यालय द्वारा जारी वेट प्रवीण्य सूची में नाम है, को काउंसलिंग हेतु पंजीयन निर्धारित तिथि को प्रातः 9:30 बजे से 12:00 बजे तक करवाना अनिवार्य होगा। प्रवेश हेतू चयनित उम्मीद्वारों का प्रवेश शुल्क ड्राफ्ट के माध्यम से उसी दिन जमा कराया जायेगा अतः समस्त उम्मीद्वार निर्धारित शुल्क का ड्राफ्ट **''कुलसचिव, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर छ.ग.''** के नाम देय होगा। एम.सी.ए. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतू निर्धारित शुल्क 21835=00 एवं पंच वर्षीय एकीकृत कम्प्यूटर विज्ञान पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतू निर्धारित शुल्क 2930=00 एवं एम.एस.सी. कम्प्यूटर विज्ञान पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतू निर्धारित शुल्क 15010=00 है ।

समस्त उम्मीद्वार अपने मूल प्रमाणपत्रों (हाई स्कूल, हायर सेकेन्डरी, स्नातक अंतिम वर्ष की अंकसूची, वैध जाति प्रमाण पत्र, स्थानांतरण प्रमाण पत्र, प्रवजन प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र) के साथ कांउसलिंग में उपस्थित होंवे । यह आवश्यक रूप से सूचित किया जाता है कि इच्छुक उम्मीद्वार प्रवेश हेतु आवश्यक आहर्ता परीक्षा की अंतिम वर्ष की अंकसूची/परीक्षा परिणाम अनिवार्य रूप से पंजीयन के समय प्रस्तुत करें अन्यथा उम्मीद्वारों को काउन्सलिंग में शामिल नहीं किया जायेगा। आरक्षण का लाभ चाहने वाले समस्त उम्मीद्वार काउन्सलिंग दिनांक के दिन वैद्व जाति प्रमाणपत्र आवश्यक रूप से लेकर उपस्थित होवें अन्यथा उन्हें इस क्षेणी के लाभ से वंचित रखा जायेगा ।

काउंसलिंग से संबंधित विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेब साइट www.ggu.ac.in से प्राप्त की जा सकती है ।

विभागाध्यक्ष

प्रतिलिपी :–

1 **वि.वि. मीडिया प्रभारी की ओर इस आशय के साथ प्रेषित की उक्त विज्ञप्ति को छात्र हित में स्थानीय समाचार पत्र में निशुल्क प्रकाशित करवाना चाहें ।**